23 Ambikapur-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/23/2023 9:40 PM Page 1

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार, 24 दिसम्बर 2023

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 समितियों में अब रिकार्ड तोड़ धान की आवक



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल:- संपूर्ण छत्तीसगढ़

भर्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023

पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला, भिलाई, जिला- दुर्ग, छत्तीसगढ़

मोबाइल:-76972-12782

## खबर संक्षेप

### राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2023 हेतु आवेदन 1 जनवरी तक

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि ऐसे वीर साहसी बालक-बालिकाएं जिन्होने किसी घटना विशेष में अदम्य साहस, सौर्य एवं बुद्धिमता द्वारा साहसिक कार्य किया हो वे राज्य वीरता पुरस्कार वर्ष 2023 के लिए आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि बालक-बालिका द्वारा अपनी जान की परवाह किए बिना, दूसरे की जान बचाने हेतु वीरता का किया गया कार्य हो, घटना दिनांक को बालक-बालिका की आयु 18 वर्ष से अधिक न हो, शैर्य कार्य की अवधि- पूर्व वर्ष की 1 जनवरी से आवेदन की तिथि के पूर्व तक घटित घटना, आवेदन पत्र सक्षम प्राधिकारी क्रमांक 1 व 2 तथा जिला कलेक्टर द्वारा अनुशंसित होना आवश्यक है। आवश्यक प्रमाण पत्र में जिला कलेक्टर द्वारा जारी अनुशंसा पत्र, एफआईआर की प्रति अथवा पुलिस डायरी, समाचार पत्रों की कतरन जो इस बाबत प्रकाशित हुआ हो, जन्म प्रमाण पत्र सत्यापित करने हेतु आवश्यक दस्तावेज।

### चीतल की हत्या करने के मामले में 9 आरोपी गिरफ्तार

# हाईटेंशन तार के 50 से अधिक फंदे लगाकर 3 चीतल का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनगरा/प्रतापपुर

**खास बात**

- मांस व अवशेष बरामद, जांच में जुटा वन विभाग

हाईटेंशन तार का फंदा लगाकर जंगली जानवरों के शिकार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाईटेंशन तार के फंदे में इंसान से लेकर हाथियों तक की मौत हो चुकी है लेकिन ग्रामीण अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है। अब पुनः हाईटेंशन तार का फंदा लगाकर कोटरा सांभर के शिकार का मामला सामने आया है। सोनगरा काशदोहर जंगल में शिकारियों ने तरंगित फंदा लगाकर तीन बड़े चीतलों का शिकार किया। वन विभाग की टीम ने चीतल मांस, अवशेष के साथ ही उनके सिर बरामद किए है। इस मामले में वन विभाग ने अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले वप वन सोनगरा काश दोहर जंगल में कुछ ग्रामीणों द्वारा दो तीन दिनों के भीतर 50 अलग अलग स्थानों पर हाईटेंशन तार से विद्युत चोरी कर तरंगित फंदे का जाल बिछाया गया था। ग्रामीणों द्वारा फंदे ऐसे स्थान पर लगाए गए थे जो जंगली जानवर कोटरा चीतल के आवागमन का मार्ग है। शिकारियों द्वारा लगाए गए फंदे में बीती रात तीन चीतल फंस गए और करेंट के कारण तड़पकर उनकी मौत हो गई। चीतल की मौत के बाद शिकारियों द्वारा जंगल के अंदर ही उनका मांस बनाकर बंटवारा किया गया जबकि कुछ मांस वे जंगल के अंदर ही खाकर पिकनिक मना रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने के बाद डीएफओ पंकज कमल के निर्देश पर उप वन मंडलाधिकारी आशुतोष भगत, वन परिक्षेत्र अधिकारी विनय टंडन के नेतृत्व में वन विभाग की टीम द्वारा जंगल में घेराबंदी कर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने चीतल का शिकार करने की बात कबूल की है। इस दौरान टीम ने आरोपियों से लगभग 70 किलो चीतल मांस, हथियार, विद्युत तार सहित अन्य सामान बरामद किया है। वन विभाग द्वारा मामले में वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 93951 के तहत कार्रवाई कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में वन विभाग से विष्णु गिरी, आशीष कुमार साहू, मिलन सिंह चौहान, अशोक गुप्ता, अनिल आदि सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी, जब्त फंदा व अन्य सामान।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

वन विभाग द्वारा तरंगित तार का जाल बिछाकर चीतल का शिकार करने के मामले में 65 वर्षीय पतिराम आ. स्व. लावा, 25 वर्षीय छोटू आ. सर्जन, 28 वर्षीय चेतन उदराज, 52 वर्षीय चमर साय, 23 वर्षीय नंदकुमार वचन राम, 22 वर्षीय आत्मा जगमोहन, 55 वर्षीय राम प्रसाद आ. बोलचू राम, 60 वर्षीय विफल राम आ. लव, 23 वर्षीय पास दोर मोहन उर्फ तेजू आ. रामभरोस, को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हरिहरपुर, कल्याणपुर, गौरा, चंद्रपुर क्षेत्र के रहने वाले है। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान इसके पूर्व में भी कई जंगली जानवरों का तरंगित तार का जाल बिछाकर शिकार करने की बात कबूल की है। गनीमत यह है कि जंगल में जगह जगह लगाए गए तरंगित तार के फंदे में किसी इंसान के फंसने की घटना नहीं हुई है लेकिन अन्य जिलों में इंसानों व हाथियों के तरंगित तार में फसने की घटनाएं सामने आ चुकी है लेकिन इन घटनाओं के बाद भी वन विभाग मामले को गंभीरता से लेता हुआ नजर नहीं आ रहा है।

### चल रही है जांच

विद्युत तार का फंदा लगाकर चीतल के शिकार की जानकारी मिली थी। टीम द्वारा घेराबंदी कर अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने फंदे में 3 चीतल फंसे थे और उनकी मौत हो गई। आरोपियों ने चीतल के मांस का बंटवारा किया था। फिलहाल मामले की जांच चल रही है।

-पंकज कमल, डीएफओ

# कोरोना से निपटने के लिए स्वास्थ्य अमला तैयार, उपलब्ध हैं 650 बेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- मॉकड्रिल कर किया गया तैयारियों का अवलोकन, मशीनों को किया गया क्रियाशील

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जिले में अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी गई है। शनिवार को शासन के निर्देश पर राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में कोविड प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल किया गया। इस मॉक ड्रिल के दौरान कोरोना संक्रमित मरीज के पहुंचने पर उसकी जांच से लेकर उसके उपचार का ड्रिल किया गया। इस दौरान कलेक्टर के साथ ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधिकारियों ने निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। बता दें कि देश में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। ओमीक्रॉन का जेएन 1 वायरस के फैलने की बात सामने है। प्रदेश में भी अब तक कोरोना के 3 नए मामले सामने आ चुके है। ऐसे में राज्य शासन द्वारा टेस्टिंग की संख्या में वृद्धि के साथ ही सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। शासन के निर्देश के बाद आज कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी में तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में कलेक्टर कुंदन कुमार, एसपी सुनील शर्मा, अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान जीवनदायी उपकरणों को चलाने व कोविड प्रबंधन प्रोटोकॉल का पालन कराने हेतु स्वास्थ्य अमले द्वारा कोविड ▶▶ शेष पेज 4 पर



तैयारियों का जायजा लेते अधिकारी।

### नए वेरिएंट के लक्षण भी पूर्व के समान

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर अधीक्षक डॉ. आर्या ने बताया कि वर्तमान में यहां कुल 50 आइसोलेशन बेड है और आवश्यकता पड़ने पर उसको बढ़ाया जा सकता है। चिकित्सालय के चारों ऑक्सीजन प्लांट कार्यात्मक है। वर्तमान में 500 के ऊपर ऑक्सीजन सिलेंडर है। जिला अस्पताल में कोविड संक्रमण से निपटने के लिए ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता है। यदि स्थिति बिगड़ती है तो कोविड संक्रमण से बचने के लिए कोविड अनुरूप व्यवहार करना है, सोशल डिस्टेंसिंग, बार-बार हाथ धोना और मास्क लगाना है। उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएचओ की स्टडी अनुसार कोविड का नया वेरिएंट पुराने वेरिएंट से कम घातक है। पहले जो कोविड के लक्षण थे, उसी तरह नए वेरिएंट के भी लक्षण है। सर्दी, खांसी, बुखार और सांस लेने में तकलीफ़ है तो कोविड के लक्षण हैं। कोविड को लेकर कोई उम्र सीमा नहीं है लेकिन जो भी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं तो उन्हें कोविड संक्रमण से बचने की जरूरत है। कोविड टेस्टिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास पर्याप्त किट हैं। स्वास्थ्य विभाग के पास पहले से वायरोलॉजी लैब फंक्शनल है।

### इन सुविधाओं की व्यवस्था

बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों में वृद्धि के हिसाब से कुल बिस्तर 650 बेड उपलब्ध हैं। जिसमें आईसीयू के लिए 50, एचडीयू के लिए 14, आईसीयू व एचडीयू के अतिरिक्त ऑक्सीजन युक्त 510 बेड, सामान्य 76 बिस्तर शामिल हैं। इसके साथ ही बच्चों के लिए आईसीयू के 45 बिस्तर उपलब्ध हैं। अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में उपकरण भी तैयार हैं। जिसमें 60 वेंटिलेटर वयस्कों को लिए, 14 पीडियाट्रिक वेंटिलेटर, 70 मल्टी पैरा मॉनिटर, 369 ऑक्सीजन सिलिंडर जंबो, 200 ऑक्सीजन छोटे सिलेंडर, 28 ऑक्सीजन कान्सेंट्रेटर, 4 एक्स-रे मशीन, 18 इंफ्यूजन मशीन एवं 35 सिरिंज पंप शामिल हैं। कोविड अस्पताल परिसर अम्बिकापुर में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया है, जिसकी क्षमता 800 एलपीएम है। मेडिकल कॉलेज संबंध अस्पताल में इसके अतिरिक्त 1700 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट की स्थापना की गई है।



## खबर संक्षेप

### पैसेंजर में 1 अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**मनेन्द्रगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में रेलवे प्रशासन द्वारा वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने करने वाले यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 18257/18258 बिलासपुर-चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस तथा गाड़ी संख्या 08269/08270 चिरमिरी-चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल में 1 एसी-3 कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18257 बिलासपुर-चिरमिरी एक्सप्रेस में बिलासपुर से 5 जनवरी 2024 से तथा गाड़ी संख्या 18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस में चिरमिरी से 6 जनवरी 2024 से उपलब्ध रहेंगे, इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08269/08270 चिरमिरी-चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर स्पेशल में 6 जनवरी 2024 से उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इन गाड़ियों में वातानुकूलित श्रेणी में यात्रा करने करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के संयोजक बने प्रजापति

**चरचा कॉलरी।** भारतीय जनता पार्टी ने पीएम विश्वकर्मा योजना छग के सरगुजा संभाग में प्रदेश सह-



संयोजक के लिए ग्राम पंचायत खरवत जमनीपारा निवासी कृष्णा प्रजापति को नियुक्त किया गया है। पीएम विश्वकर्मा योजना प्रदेश में लागू करने के लिए भाजपा की कार्यनीति पर इस योजना को लाभार्थियों तक आर्थिक एवं व्यावसायिक लाभ पहुंचाने की दिशा में प्रदेश संयोजक व्ही.विश्वनाथन आचारी ने संपूर्ण कार्य योजना को तैयार करके सूचित करने के निर्देशित किया है। इसमें केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है। वर्तमान समय में केन्द्र सरकार की तरफ से हर वर्ग के लिए अलग-अलग योजनाएं चलाई जा रही हैं। यह योजनाएं लाभकारी और कल्याणकारी हैं। किसानों से लेकर महिलाओं तक के लिए योजनाएं चल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन के मौके पर 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की थी।

### 3100 प्रति क्विंटल की घोषणा के बाद किसानों की भीड़

# समितियों में अब रिकार्ड तोड़ धान की आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

किसानों से धान खरीदी के लिए अब 38 दिन शेष है। 31 जनवरी तक धान खरीदी होनी है। अब तक कोरिया एमसीबी के 46 उपार्जन केन्द्रों में 9443 से अधिक किसानों से करीब 468280.4 क्विंटल धान की खरीदी की गई, वहीं इसके बदले किसानों को करोड़ों रुपए का भुगतान भी कर दिया गया है।

धान खरीदी एक नवंबर से शुरू हो चुकी है, जो कि 31 जनवरी तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन ने कोरिया जिले में कुल 1 लाख 33 हजार मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा है। हालांकि अभी अगले 38 दिन तक धान खरीदी चलेगी। गौरतलब है कि जिले में बरसात बंद होने के बाद मौसम साफ होते ही किसान फिर से बचे हुए धान की कटाई और मिंजाई में लग गए थे। वहीं 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी की घोषणा के बाद धान खरीदी केन्द्रों में भी धान की आवक फिर से एक बार बढ़ने लगी है। धान खरीदी के लिए केवल 38 दिन ही बचे हैं। ऐसे में धान खरीदी के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कोरिया में 22 उपार्जन केन्द्र बनाए गए थे। इनमें गिरजापुर, चिरमी, जामपारा, झरनापारा, छिंदिया तरगवां धौराटिकरा, पटना, पोड़ी, बैमा, बड़ेकलुआ, रजौली, सरभोका, कटगोड़ी, सलबा और सोनहत के उपार्जन केन्द्र में बड़ी संख्या में किसानों ने धान बेचा है। समितियों के द्वारा दोनों जिलों में अब तक 468280.4 क्विंटल धान खरीदा गया है। कोरिया जिले में 2 लाख 87 हजार 638.8 क्विंटल और एमसीबी जिले में 1 लाख 80 हजार 641.6 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, इसके लिए किसानों को 23 दिसंबर की स्थिति में 1 अरब, 2 करोड़ 22 लाख, 56 हजार 113.2 रुपए का भुगतान कर दिया गया है। इसमें एमसीबी जिले में किसानों को 39 करोड़ 43 लाख 40 हजार 612.8 रुपए का भुगतान और कोरिया जिले में किसानों को 62 करोड़ 79 लाख 15 हजार 500.4 रुपए का भुगतान किया गया है। किसानों से अब तक 23 करोड़ 34 लाख 91 हजार 845.24 रुपए की ऋण वसूली भी की जा चुकी है। धान कटाई और मिसाई अब पूर्णता की ओर है। इसलिए उपार्जन केन्द्रों में धीरे-धीरे धान की आवक बढ़ गई है। आने वाले दिनों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में और तेजी आएगी।

किसानों का कहना है कि छग में समय पर मानसून की दस्तक के बाद बीच में वर्षा ब्रेक की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस कारण धान की खेती में भी विलंब हुआ। सितंबर के अंतिम दिनों तक धान की रोपाई हुई इस कारण धान की कटाई और मिसाई का कार्य भी विलंब से हुआ। 1 नवंबर से धान की खरीदी आरंभ हो चुकी थी, लेकिन समितियों में धान लेकर आने वाले किसानों की संख्या कम थी। इस बीच चुनावी शोरगुल में धान बिक्री को लेकर किसानों में भी ज्यादा उत्साह नहीं दिखा था। इसके बाद वे मौसम बरसात केकारण भी किसान धान की कटाई नहीं कर रहे थे,लेकिन अब अधिकांश उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए धान लेकर किसान पहुंचने लगे हैं। इस महीने के अंत तक समितियों में धान की आवक बढ़ जाएगी।



धान खरीदी केंद्र में अपनी उपज बेचने पहुंचे किसान।

#### 23 करोड़ से अधिक की ऋण वसूली

दोनों जिलों में अब तक 9443 से अधिक किसानों से 468280.4 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें खरीदी के लिए राज्य शासन द्वारा एक अरब 2 करोड़ 22 लाख 56 हजार 113.2 रुपए का भुगतान किया गया है। इस भुगतान में से 23 करोड़ 34 लाख 91 हजार 845.24 रुपए की ऋण वसूली की जा चुकी है।

#### खरीदी केन्द्रों में पतले धान की आवक नहीं

12 दिसंबर की तारीख तक दोनों जिलों में अब तक 9443 से अधिक किसानों से धान की खरीदी की गई है। इनमें से सभी किसानों को ऑनलाइन भुगतान कर दिया गया है। वहीं कुछ किसानों के लिए अभी ऑनलाइन भुगतान नहीं बनाया गया है। यहां किसी भी किस से पतले धान की खरीदी नहीं की गई है। दोनों जिलों में 4 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन इस ऑकड़े में केवल मोटा धान ही शामिल है। कोरिया और एमसीबी जिले के 46 उपार्जन केन्द्र में धान बेचने के लिए पहुंचे लगभग किसानों से केवल मोटे धान की खरीदी ही की जा रही है।

#### दो वर्ष का मिलेगा बकाया बोनस

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शासन के मंशानुरूप धान उत्पादन प्रोत्साहन योजनांतर्गत वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के लंबित धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का वितरण 25 दिसंबर को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की मात्रा पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाना है। विदित हो कि लंबित उत्पादन प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड स्तर पर धान खरीदी केन्द्र सोनहत खुटरापारा में किया गया है। उक्त कार्यक्रम में पात्र कृषकों को धान बोनस वितरण का प्रसारण लाईव एलईडी के माध्यम से किया जाएगा। विदित हो कि उक्त दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिवस जिला जनपद एवं ग्राम पंचायत के निर्मित अटल चौक या ग्राम पंचायतों के मुख्यालय में सुशासन दिवस मनाया जाएगा तथा स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित, माल्यार्पण कार्यक्रम में सुशासन स्थापित करने का संकल्प लिया जाकर तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता कार्यक्रम आगामी एक सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत राकेश साहू द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में राष्टीय सुशासन दिवस का आयोजन के लिए सरपंच, सचिव तथा सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण के लिए समिति प्रबंधक सोनहत को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं।



ट्राफी के साथ सूरजपुर की विजेता टीम।

# ऑलआउट कर सूरजपुर की टीम ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- मिनी स्टेडियम में संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता

जिला मुख्यालय के शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिनी स्टेडियम में नगर सैनिक कोरिया के तत्वाधान में संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। आयोजन में कोरिया और सूरजपुर की टीम ने हिस्सा लिया।

कोरिया के तरफ से मैच में कप्तान की भूमिका पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल एवं सूरजपुर टीम की ओर से संभागीय सेनानी अंबिकापुर राजेश पाण्डेय ने निभाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए सूरजपुर जिले की टीम ने 148 रन बनाए, इसके बाद कोरिया की टीम सीमित रन के साथ ही 12 ओव्हर में ऑल आउट हो गई। इस तरह सूरजपुर के नगर सैनिकों ने संभाग स्तरीय मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर मैच में जीत दर्ज की। इस टीम से अरुण सिंह ने शानदार वैटिंग की, जिन्हें मैन ऑफ द मैच का शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में कोरिया-सूरजपुर के सभी खिलाड़ियों को मैडल देकर आयोजन कर्ता द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संभागीय सेनानी राजेश पाण्डेय के अलावा लांस नायक डॉ. महेश मिश्रा, नेहरु युवा केन्द्र के जिला अधिकारी पवन गुप्ता, प्रेस काउंसिल ऑफ कोरिया के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, अनूप बड़ेरिया, पंचम नामदेव, योगेश चन्द्रा, आरके पाण्डेय, प्रदीप राय, दिनेश, दीपक, विजय प्रताप, मनोज साहू समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# थाने के सामने से निकलता है चोरी का कोयला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत अवैध कोयला चोरी व तस्करी का काम खुलेआम जोर-शोर से चल रहा है। दिन हो या रात दर्जनों कोयला चोर अपने काम में बेहिचक लगे हुए हैं। कोयला चोर बेधड़क चरचा थाने के बगल से निकलते हैं, उन्हें किसी प्रकार के कोई कार्रवाई या भय का डर नहीं है।

जानकारी के अनुसार रोजाना शाम 5 बजे के पश्चात देर रात्रि तक एवं सुबह 4:30 से 7 बजे तक थाने के सामने नेशनल हाईवे में कोयला चोर साइकिल, मोटरसाइकिल एवं पिकअप में बोरियों में कोयला लाद कर तेजी से ले जाते हुए नजर आते हैं। एक बोरे में औसतन 80-90 किलो कोयला रहता है, कोयला चोर प्रतिदिन सुबह 5 बजे के लगभग चरचा छठघाट डी प्वाइंट की ओर से चरचा थाने के आगे हाईवे पर जाते नजर आते हैं। साथ ही बड़े-बड़े लोहा कबाड़ चोरों के द्वारा बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से जबलपुर एक्सप्रेस में भेजा जा रहा है। शुक्रवार की सुबह बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में करीब डेढ़ पिकप के लगभग हजारों रुपए के नया पुराना रोला साफ्ट एवं अन्य कई कबाड़ जबलपुर ट्रेन से ले जाने की फिराक से चोरों द्वारा छुपा कर रखा था। इसकी जानकारी मिलने पर एसईसीएल के उच्चाधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचित किया, जिससे कि लोहा चोरों द्वारा ले जाने में असफल रहे। चरचा थाना हो या एसईसीएल के सुरक्षा कर्मी दोनों ही कोयला एवं लोहा चोरों के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पुलिस विभाग या एसईसीएल के उच्चाधिकारी कोयला-लोहा चोरी पर नियंत्रण की बात करते हैं। चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत चरचा कॉलरी की कोयला खदान के अतिरिक्त और कोई ऐसा संस्थान नहीं है, जहां कोयला का उत्पादन होता हो चरचा थाने के ठीक पीछे कुछ दूरी पर चरचा कॉलरी की बेल्ट लाइन है।



स्टेशन पर छिपाकर रखा गया कोयला।

#### कार्रवाई जारी है

कोयला व लोहा चोरी पर कार्रवाई जारी है। कोयला-लोहा चोरी रोकने के लिए चरचा कॉलरी के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है।

-अनिल किंडो
थाना प्रभारी चरचा

# अंसारी को दिल्ली में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**डोमनहिल।** चिरमिरी निवासी 19 वर्षीय जिशान अंसारी ने एम्स दिल्ली में आयोजित 8 वें अंतरराष्ट्रीय स्टेम सेल्स और कैंसर कांफ्रेंस 2023 में सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार जीतकर अपने शहर का नाम रौशन किया है। उनके द्वारा कैंसर पर किए गए शोध कार्य के लिए उन्हें इस महत्वपूर्ण पुरस्कार से सम्मानित किया है।

जिशान ने कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी से पूरी की। जिशान ने सीबीएसई कक्षा दसवीं में शानदार प्रदर्शन कर 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शनी जारी रखी। कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस उत्कृष्ट ट्रैक रिकॉर्ड ने उन्हें वर्तमान में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में बायोटेक्नोलॉजी ऑनर्स की डिग्री की पढ़ाई के लिए द्वार खोली। जिशान के पिता वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोमनहिल में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। जिशान की सफलता अवश्य ही यह बताती है कि छोटे शहरों के लोग भी वैश्विक मंच पर अपनी महत्वपूर्ण योगदानों की संभावना रखते हैं।



दिल्ली में सम्मानित होते जिशान।

### विद्युत सब स्टेशन में दिनभर चला मरम्मत कार्य

**बैकुंठपुर।** शनिवार को शहर क्षेत्र सहित शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत विभाग के द्वारा मरम्मत कार्य के चलते घंटों विद्युत आपूर्ति ठप्प रही, जिससे कि लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, इसकी सूचना विभाग के द्वारा एक दिन पूर्व दी गई थी। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग के द्वारा शनिवार को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक मरम्मत कार्य संपादित किए जाने के कारण विद्युत कटौती किए जाने की सूचना दी गई थी। इस दिन विभाग के द्वारा बैकुंठपुर सब स्टेशन में वीसीबी चेंज एवं उप केन्द्रों में आवश्यक सुधार कार्य किया गया, इसके चलते शनिवार को शहर सहित शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जानकारी के अनुसार विद्युत कटौती से बैकुंठपुर सब स्टेशन से निकलने वाले समस्त 11 केव्ही फीडर के प्रभावित क्षेत्र बैकुंठपुर, महलपारा, गढ़ेलपारा, छिन्दड़ॉड, परियोजना कालोनी, रामपुर, हर्रापारा, भट्टीपारा, कंचनपुर, पतरापाली, मंडलपारा में विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युत विभाग के द्वारा शनिवार को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रखा था। इस अवधि में मरम्मत कार्य किया गया, लेकिन निर्धारित अवधि के बाद भी प्रभावित क्षेत्रों में घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जानकारी के अनुसार अपरान्ह 5 बजे विद्युत आपूर्ति बहाल हो पाई।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज़ थाइराइड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज ,थाइराइड, मोटापा,माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्रॉल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटा कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध:
07 जनवरी 2024, दिन- रविवार
नोट- डॉ. प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एंड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइटस गेंहू बाडी, सी.एम.ओ. आफिस के बगल में, दर्रीपारा अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें!

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वैरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुन: शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. आर. के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रात: 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

ह्दय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

SRS HOSPITAL न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
- जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल ह्दय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
- 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, नि:शुल्क डायलिसिस की सुविधा
- 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
24/7
More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग | चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7 Emergency Service
डॉ. आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच ( यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
डॉ. भाविक शाह
डी.एन.बी. (मेडिसीन) डी. एन. बी. (गैस्ट्रो) एम. आर. सी. पी. एस. सी. ई. (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लैनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता)
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA Consultant-Medical Oncology and Hematooncology
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 24 दिसंबर 2023, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी एमडी, डीएम, कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. राहुल अहलुवालिया एम.एस, एम. सी. एच न्यूरोसर्जरी
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

अमृत काढ़ा काजमी
यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा माल्ट
यह दवा पुरूष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर
यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीथिलता एवं शीघ्रतपन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माता:- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप



### नेताम के कैबिनेट मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे रायपुर

**रामानुजगंज।** भाजपा नेता रामविचार नेताम को साय मंत्रिमंडल में जगह मिलने पर रामानुजगंज क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। राम विचार नेताम को कैबिनेट में जगह मिलने के खबर मिलते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया। वही काफी संख्या में कार्यकर्ता रायपुर उनके निवास पहुंचे। इस दौरान भाजपा मंडल रामानुजगंज के मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता,युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अशरफ़ी यादव, राजकुमार यादव, संतोष यादव, इरफान अंसारी, पवन कश्यप, बीरबल सरूता, कृपा शकंर गुप्ता, विजय सिंह, कृष्णा गुप्ता, बिनोद गुप्ता, राहुल सोनी, सुनील कुशवाहा, संजीत कुशवाहा, सरजु मझवार, विजय गुप्ता उपस्थित रहे।

### गायन प्रतियोगिता में उड़ जा काले कावां की धूम




**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय में रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच क्रिसमस मना। क्रिएटिव क्लब द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। संगीत प्रभारी सहायक प्राध्यापक देवेंद्र दास सोनवानी के साथ प्रस्तुति में जमकर ठुमके लगाए। प्रतिभागियों ने फिल्मी गीतों पर ताल मिलाया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक कुमार गुप्ता और रिया नामदेव ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में अलका इंगोले, वंदना दत्ता थी। इस दौरान आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. आरएन शर्मा, डॉ अलका पांडेय सहित अन्य प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**जिंगल बेल-जिंगल बेल पर सजी क्रिसमस की महफिल-** जिंगल बेल जिंगल बेल पर श्री साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय में मंच पर क्रिसमस की आस्था पूर्ण महफिल सजी। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने क्रिसमस का केक काटकर क्रिसमस उत्सव का आगाज किया। क्रिएटिव क्लब प्रभारी डॉ. जगमीत कौर के नेतृत्व में कलाकारों ने क्रिसमस के केरोल गाकर त्यौहार की खुशियां मनायी। चरनी में प्रभु यीशु मसीह के जन्म पर आधारित नाटिका का मंचन सभी को भाव विभोर कर गया। उत्सव के दौरान सेंटाक्लॉज के परिधान में विद्यार्थी आकर्षण का केंद्र बने रहे।

### सरकारी योजनाओं का किया गया उनमुखीकरण



**वाड्रफनगर।** उद्योगिनी कार्यक्रम में 283 महिला किसानों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में उद्योगिनी के विवेक त्रिपाठी, इम्माम अंसारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिभागियों को उत्कृष्ट गतिविधि के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया तथा आगामी गतिविधियों की जानकारी दी गई। सजल शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

### कुंजनगर अटल चौक पर अटल की प्रतिमा का होगा अनावरण



**बिश्रामपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को सम्पूर्ण भारत में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर ग्राम पंचायत कुंजनगर के अटल चौक पर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के भाजपा अंत्योदय प्रकोष्ट के पूर्व प्रदेश संयोजक विजयराज अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में छ्ग शासन की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रामसेवक पैकरा पूर्व मंत्री छ्ग शासन व प्रेमनगर विधानसभा के विधायक भूलन सिंह मरावी सम्मिलित होगें।

## बिजनेस प्लस

### आनंद ऑटोमोबाइल्स में रक्तदान शिविर कल

अम्बिकापुर। शहर के एमजी रोड स्थित आनंद ऑटोमोबाइल्स हीरो शोरूम के 25 वें वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का आयोजन 25 दिसम्बर को किया जायेगा। शिविर में वर्ष 1998 से 2008 के मध्य शोरूम से मोटरसाइकिल स्कूटर खरीदने वाले ग्राहकों को सम्मानित किया जाएगा। आनंद ऑटोमोबाइल्स के संचालक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वर्ष 1998 के मध्य आनंद ऑटोमोबाइल से वाहन खरीदने वाले ग्राहकों के रजिस्ट्रेशन पेपर लेकर आएंगे उन्हें सम्मानित किया जाएगा।



आनन-फानन में रातों रात ठेकेदार ने किया निर्माण

# बनने के साथ ही उखड़ने लगी गुणवत्ताहीन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**
- करोड़ों की लागत ने बनाई गई 7 किमी सड़क

प्रदेश में नए भाजपा सरकार का गठन हो गया। ऐसे में अब विभिन्न निर्माण कार्य में तेजी आई है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का सपना है कि प्रदेश में बेहतर से बेहतर सड़कें बने, लेकिन प्रतापपुर क्षेत्र में एक सड़क का निर्माण कार्य गुणवत्ता को दर किनार बनाई है। जो निर्माण के दूसरे दिन ही उखड़ने लगी है। ठेकेदार व विभाग की मिलीभगत से सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की हदें पार कर दी गई है। ठेकेदार ने रातों-रात धूल पर ही गिट्टी मिला डामर बिछा कर सड़क बना दिया और सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब है कि हाथों के रगड़ने से ही सड़क उखड़ रही है।

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत 11 नंबर से गोविंदपुर तक लगभग 7 किलोमीटर सड़क 8 करोड रुपए से अधिक लागत में पीडब्लूडी विभाग द्वारा बनाई जा रही है। सड़क निर्माण कार्य मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहे हैं। सिर्फ विभाग व ठेकेदार द्वारा खानापूर्ति की जा रही है जिससे सड़क बनने के दूसरे दिन से ही सड़क उखड़ने लगी है। इधर अधिकारियों की उदासीनता रवैया तथा किसी प्रकार के रोक टोक नहीं होने से ठेकेदार के भी हौसले बुलंद है। ऐसे में जिस मानक के अनुरूप सड़क बननी चाहिए उस तरह से सड़क निर्माण कार्य नहीं कराए जा रहे हैं। सड़क के गड्ढों को पाटने के लिए न उसमें गिट्टी डालकर पैचिग की जा रही है और न ही उन्हें साफ-सुथरा किया जा रहा है। आसपास से कूड़ा इकट्ठा कर उसमें डाल दिया जा रहा है। इसके बाद छोटी गिट्टी और डामर डालकर हल्की परत बिछा दी जा रही है। प्रतापपुर ब्लाक में कई सड़क पीडब्लूडी रामानुजगंज डिविजन में आते है जिसके कारण कई कार्यों को विभाग द्वारा नजरंदाज कर दिया जाता है जबकि प्रतापपुर सूरजपुर जिला में आता है।



रात में बनाई गई गुणवत्ताहीन सड़क।

**रातों-रात बना दी सड़क**

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि ठेकेदार रातों- रात ही सड़क बनाकर चला गया जिससे गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने के कारण सड़क उखड़ने लगी है। सड़क निर्माण में उपयोग की गई सामग्री और बनाने का तरीका काफी घटिया स्तर का है। ऐसे में डामर की पक्की सड़क हाथों से ही खुद उखड़ रही है। धूल पर ही गिट्टी और डामर को बिछा दिया गया है। जिसे देख कर 4 घंटे काम भी रोका गया था उसके बाद भी ठेकेदार को कोई असर नहीं पड़ा।

**करेंगे शिकायत**

सूरजपुर जिले अंतर्गत प्रतापपुर विकासखंड में बन रही सड़क निर्माण का देखरेख वाड्रफनगर बलरामपुर जिला पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा डिविजन के अनुसार देखरेख की जा रही है वहीं दो दो जिला के बीच में फंसा हुआ यह सड़क अधिकारी एवं ठेकेदार गुणवत्ता पर ध्यान दिए ही निर्माण कार्य करा रहे है। घटिया सड़क निर्माण कार्य होने पर अब क्षेत्र के लोग मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

**कराई जाएगी जांच**

सड़क निर्माण में लापरवाही बरती गई है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में सड़क खराब पाई गई जो ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-विजय भारती
एसडीओ वाड्रफनगर

# निर्माणाधीन सड़क की धूल ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

- क्षेत्र वासियों ने की नियमित पानी छिड़काव की मांग

निर्माणाधीन सड़क से उड़ रहे धूल व नियमित रहवासी क्षेत्र में पानी छिड़काव नही होने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के ढाबा से गायत्री खदान चौक तक सड़क का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। अब तक लगभग पांच किलोमीटर तक की चौड़ीकरण कार्य किया चुका है जिसमे गिट्टी के साथ मिट्टी व पत्थर का डस्ट मिलाकर मटेरियल तैयार किया गया है।

ग्रामीणों की माने तो सड़क में रोजाना सैकड़ों की संख्या में कोयला वाहन ट्रक, ट्रेलर आवागमन करती है जिससे निर्माणाधीन सड़क में धूल के गुब्बार उड़ने से आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। धूल के कारण सड़क पर चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक मात्र मार्ग होने पर हर रोज बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है। इस ठंड के मौसम में धूल डस्ट के कारण कई लोग सर्दी खांसी से पीड़ित होने लगे है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार काम करते हुए आगे बढ़ते जा रहे है और पानी टैंकर अपने निर्माण कार्य में लगाए हुए है। जबकि पीछे किए गए कार्य में पानी छिड़काव नहीं होने के कारण हमेशा धूल उड़ती रहती है जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। ग्रामीणों का मांग है की एसईसीएल प्रबंधन या सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार एक टैंकर से नियमित सड़क पर पानी छिड़काव करें जिससे आसपास के लोगों के अलावा राहगीरों को धूल से निजात मिल सके।

इस संबंध में आरजीके सहक्षेत्र प्रबंधन श्री झा ने बताया कि टैंकर चालक नहीं आया था जिस कारण निर्माणाधीन सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं हो सका। कल से नियमित पानी का छिड़काव किया जाएगा।



निर्माणाधीन सड़क से उड़ रही धूल।

**लिखा गया है पत्र**

सड़क में रेगुलर पानी का छिड़काव नहीं हो रहा है जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पहले सहक्षेत्र प्रबंधक रेहर को पत्र लिखकर रेगुलर पानी छिड़काव का मांग किया था तब से कभी कभी पानी का छिड़काव होता है।

-पुष्पा शिव भजन सिंह
जनपद सदस्य

# जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने संकल्प यात्रा : पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करवां

- शिविर में हितग्राहियों को दिलाया गया योजनाओं का लाभ

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज साप्ताहिक बाजार करवा में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं सदस्य महेश्वर पैकरा व भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान जिपं सदस्य श्री पैकरा ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी के तहत आपके गांव के जनमानस को लाभ देने के लिए संकल्प यात्रा पहुंच रही है।

इस संकल्प यात्रा के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना सहित अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाई जा रही है। धरती कहे पुकार के गीत के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा उज्ज्वला गैस कनेक्शन योजना के तहत 17 नया फॉर्म प्राप्त किए गए व पांच हितग्राहियों को मौके पर कनेक्शन का वितरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र के 42 आवेदन मौके पर निराकृत किए गए जबकि अटल आवास योजना अंतर्गत 106 नवीन फार्म प्राप्त हुए। अटल आवास पूर्ण होने पर तीन हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र दिया गया। महिला बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं की गोद भराई, एवं छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम संपन्न कराया गया। 21 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी ने किया। इस दौरान जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनोद सिंह, सीएमओ आरएस सिंह, प्राचार्य सतीश भारद्वाज, आयुष मिश्रा, मोबिन अंसारी, ललन सिंह, रविशंकर सोनी, सुरजन सिंह, दुर्गा साहू, द्वारपाल पैकरा, छात्रधारी सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



### विकसित भारत संकल्प शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी



**शिवप्रसादनगर।** ग्राम पंचायत गंगौटी के हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत गंगौटी, डबरीपारा, बांसपारा के बड़ी संख्या में ग्रामीण व छात्र छात्राएं,जनप्रतिनिधि,विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं को चल चित्र के माध्यम से देखे और सुने। कर्मचारियों ने विभिन्न विभागों के स्टाल में जानकारी दी। जन कल्याणकारी योजनाओं में उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,आयुष्मान भारत योजना,,बालिका समृद्धि योजना,जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं को चल चित्र व बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुत किया। हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस चूल्हा ,सिलेंडर प्रदान किए गए,,गोद भराई का कार्यक्रम महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। साथ ही हितग्राही महिलाओं को भेंट और उपहार दिए गए। इस दौरान वीरेंद्र साहू, नीतीश,साहू, सरपंच श्रीमती लोकेंद्रमणि, चंद्रदेव, प्राचार्य मोमिन रजा, सुरेश मानिकपुरी,अरुण तिर्की, समीक्षा गुप्ता,अन्ना एक्का,जूही साहू,प्रीति घोषाल, रविशंकर साहू, संजय साहू, ज्ञान साय विश्वकर्मा, केपी साहू, योगेश गुप्ता, जीवनी पांडेय, सुलेमान अंसारी, ईश्वर सिंह, बांशरूप सिंह, बालमुकुंद सिंह, शैलेश साहू, राजाराम सिंह,समय लाल सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# अनुशासन से रोका जा सकता है सड़क दुर्घटनाओं को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- यातायात के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक व सहायक पुलिस महा निरीक्षक ने ली बैठक

शुक्रवार को यातायात के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता व सहायक पुलिस महानिरीक्षक संजय शर्मा द्वारा जिले के अधिकारियों की वर्चुअल समीक्षा बैठक ली गई। बैठक के दौरान सुगम यातायात प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा के सम्बंध में सड़क सुरक्षा हेतु किए जा रहे उपायो, आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम, नवाचार, जिले में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एवं की गई कार्रवाई, आईआरएडी-ईडीएआर एप्प में नियमित एंट्री, मोटर अधिनियम के अंतर्गत की गई कार्रवाई एवं जिले में उपलब्ध यातायात सामग्री-उपकरण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के कार्यों की समीक्षा की गई। मीटिंग दौरान सहायक पुलिस महानिरीक्षक यातायात श्री शर्मा ने कहा कि स्व अनुशासन से सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

नागरिक स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों को भी पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आईआरएडी-ईडीएआर एप में एंट्री के संबंद्ध समीक्षा करते हुए एप में समय सीमा में एंट्री करने व घटना स्थल पर जाकर फोटोग्राफ, वीडयो ग्राफ अपलोड करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की प्रतिमाह बैठक ली जाए व सड़क दुर्घटना नियंत्रण के उपाय एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई के दौरान ओव्हर स्पीड, शराब पीकर वाहन चलाने वाले, नाबालिग वाहन चालकों, वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले, रॉन्ग साईड में वाहन चलाने, मालवाहक में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का लक्ष्य दिया।



# सर्वेश्वरी समूह ने शिविर में की 353 पहाड़ी कोरवाओं की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सर्वेश्वरी समूह शाखा अंबिकापुर द्वारा विकासखंड अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी कोरवा बस्ती पतरापारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्राथमिक शाला स्कूल परिसर के समीप आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लोगों का उपचार करने के साथ ही दवाओं का वितरण किया गया। बता दें कि सर्वेश्वरी समूह शाखा अंबिकापुर द्वारा 22 दिसंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पतरापारा में किया गया था। शिविर में चिकित्सकों द्वारा 353 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान 91 लोगों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा प्रदान किया गया जबकि शिविर में शुगर के 50 व बीपी के 100 मरीज सामने आए। वहीं शिविर के दौरान पहाड़ी कोरवा आश्रम के बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में समूह द्वारा लोगों को कंबल का भी वितरण किया गया। शिविर में डॉ. प्रीतम राम, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. अर्पण सिंह, डॉ. बी एन द्विवेदी, डॉ. अनुभव सिंह, डॉ. एएन. द्विवेदी, डॉ. सुशील मिश्रा, डॉ. मुकेश सोनी, नेत्र सहायक पंकज ठाकुर, फार्मासिस्ट संतोष कुमार, अभय नारायण, अनुज ठाकुर, प्रवीण चौबे, राहुल जायसवाल, प्रेमा के साथ ही समूह की ओर से व्यवस्थापक समर विजय सिंह तोमर, सत्यमेव सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, रवि सोनी, मनोज सिंह, सुरेश सिंह, राकेश सिंह, मुन्ना सिंह, अजीत रंजन, सुरेश सोनी, सरपंच कुंती देवी, रामविलास एवं ग्रामीण मौजूद थे।



सीतापुर-प्रतापगढ़ से किया जा रहा अवैध उत्खनन व परिवहन

# राजस्व अमले ने रेत लोड चार हाईवा को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही जिला प्रशासन टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज बतौली में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान प्रतापगढ़ सीतापुर से अंबिकापुर जा रही बालू लोड चार हाईवा को जब्त किया।

राजस्व टीम के नयाब तहसीलदार संजय सारथी ने बताया कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में अवैध उत्खनन पर नजर रखी जा रही है। बतौली चौक पर निरीक्षण के दौरान सीतापुर प्रतापगढ़ से चार बालू लोड हाईवा क्रमांक सीजी 15 डी एक्स 1805, सीजी 15 डी टू 0542, सीजी 15 डी वी 2990, एवं एक नए हाईवा को जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया है। चारों हाईवा अंबिकापुर निवासी दीपक अग्रवाल की बताई जा रही है जो लुंड्रा से गिट्टी लोड कर मैनपाट लेकर गया था और वापसी के दौरान सीतापुर प्रतापगढ़ से बिना पीट पास के बालू लोड कर अंबिकापुर लेकर आ रहे थे। अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर राजस्व पुलिस की संयुक्त द्वारा जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान बतौली राजस्व टीम में नायब तहसीलदार संजय सारथी, आरआई धर्मेंद्र दुबे, शिवपूजन तिवारी, पटवारी बुद्धेश्वर एवं अरविंद, आरक्षक राजेश मिंज, देवशरण सिंह, पंकज लकड़ा, राजू कुजूर सहित अन्य मौजूद थे।







### पार्वती इंस्टीट्यूट में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय, मदनपुर में शुक्रवार को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दौड़, रिले रेस, रस्सी दौड़, मटका दौड़, चम्मच दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, तवा फेंक सहित अन्य खेल स्पर्धाओं में प्रशिक्षार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षक और प्रशिक्षार्थियों द्वारा क्रिसमस सेलिब्रेशन के साथ प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस दौरान सीईओ राकेश तिवारी, बीएड प्रभारी श्रीमती प्रीति सोनी, सहा. प्राध्यापक संतोष कुमार रानाडे, श्रीमती जयमाला सिंह, उपेंद्र कुमार रवि, अरूण कुमार दुबे, श्रीमती प्रियांशु यादव, श्रीमती किरण सिंह, श्रीमती कंचन सिंह, श्रीमती निशा गुप्ता उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

## मयंक का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा में



**अम्बिकापुर।** साइंस कॉलेज रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में सरगुजा के खिलाड़ी मयंक मंडल ने 360 में 295 पॉइंट हासिल कर चौथा स्थान प्राप्त किया है। मयंक का चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी के सब जूनियर प्रतियोगिता के लिए किया गया है। मयंक के उपलब्धि पर संघ के संरक्षक लक्ष्मी प्रकाश जायसवाल, अध्यक्ष शैलेश सिंहदेव, उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, दीपक सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह, सह सचिव एम सिद्धीकी, सचिव राहुल सोनकर एवं सहायक कोच ओम सिंह ने शुभकामनाएं दी है।

## दो दर्जन कोल कर्मचारियों का हुआ तबादला

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कोल मुख्यालय द्वारा दो दर्जन कर्मचारियों का तबादला आदेश जारी किया गया है,जारी आदेश में ई ए पद के अली साहब रिजवी को भटगांव से बिश्रामपुर, विजय कुमार को सोहागपुर से कुसमुंडा, भवानी सिंह बिस्ट को हसदेव से जोहिल्ला, फिरोज अहमद खान को बिश्रामपुर से भटगांव, जगन्नाथ नंदी को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर, एसके डक्सेना को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर, डीके सिंह को बिश्रामपुर से चिरमिरी, देवराज बिंद्रा को कोरबा से दीपिका, विजय प्रताप सिंह बघेल को कुसमुंडा से दीपिका, एस माथव को दीपिका से हेडक्वार्टर, करनेल सिंह को दीपिका से कुसमुंडा, डीआर जटवार को गेवरा से सीडब्लूएस गेवरा, डोरीलाल साहू को सीडब्लूएस गेवरा से सोहागपुर, संजय कुमार सिंह को चिरमिरी से बैकुंठपुर, तरुण कुमार को हेडक्वार्टर से बिश्रामपुर, सीनियर ओवरसियर मिथलेश कुमार सिन्हा को बैकुंठपुर से बिश्रामपुर, ऐनामूल हक को बैकुंठपुर से कोरबा, राजीव कुमार को बैकुंठपुर से बिश्रामपुर, ओवरसियर सुरेश कुमार वारके को जोहिल्ला से हसदेव, मनहरण सिंह को जोहिला से हसदेव, मोहन सिंह को जोहिला से हसदेव, मनिन्द्र मेहर को हसदेव से जोहिला, अजय कुमार त्रिपाठी को हसदेव से रायगढ़, राहुल तिवारी को रायगढ़ से जोहिला, संज्यूस एक्का को बिश्रामपुर से बैकुंठपुर तबादला किया गया है ।

## निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे में गिरा बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम चारपारा निवासी हरभजन सिंह आ. धरमपाल सिंह 21 दिसंबर की शाम अकेले अपने ससुराल ग्राम दुर्गापुर बेवरापारा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार रात 8 बजे रास्ते में निर्माणाधीन पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक समेत पुलिया में गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी पुलिया निर्माण कर रहे मजदूर ने फोन कर परिजन को सूचना दी। सूचना पर परिजन ने घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

पेज 1 का शेष...

## कोरोना से निपटने के...

सेंटर में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और क्रियाशीलता का परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल में मेडिकल उपकरणों वेंटीलेटर, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री कुंदन ने अस्पताल प्रबंधक को निर्देशित किया कि सभी उपकरण क्रियाशील रहें तथा कंसन्ट्रेटर की जांच करवा लें ताकि आपात स्थिति में किसी तरह की समस्या ना हो, हर परिस्थिति से निपटने तैयारी सुनिश्चित करें। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाए। इस दौरान जिला चिकित्सालय में सर्वप्रथम एम्बुलेंस द्वारा मरीज को लाने के साथ चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक जांच, आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कराने तथा ट्रीटमेंट की प्रक्रिया की गई। प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से कहा है कि स्वास्थ्य संबंधी सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने का कार्य किया गया है। खांसी बुखार सर्दी जुकाम वाले मरीज है उनकी दो लेवल पर मॉनिटरिंग की जा रही है, अभी स्थिति नियंत्रण में है।

### हर दिन पहुंच रहे 2 हजार से अधिक पर्यटक

# पर्यटकों से गुलजार हुए मैनपाट के पर्यटन स्थल



दलदली का भ्रमण करते पर्यटक।



कार्निवाल स्थल पर पर्यटकों के लिए सजाए गए टेंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ठंड बढ़ने के साथ ही छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट की रंगत बदल गई है। मैनपाट के पर्यटन स्थल बाहर के पर्यटकों से गुलजार हो गए हैं। इस बार पर्यटकों की संख्या में हुई बेतहाशा वृद्धि से लोगों ने पर्यटन विकास की उम्मीदें जगी हैं। इस बार छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ ही पड़ोसी राज्यों के पर्यटक भी मैनपाट की ठंड का लुत्फ लेने पहुंच रहे हैं।

**खास बात**

- दूसरे राज्यों के पर्यटकों की उपस्थिति से लोगों में भारी उत्साह

मध्य दिसम्बर के बाद मैनपाट की स्थिति बदल जाती है। सूने पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार हो जाते हैं। हाल के वर्षों तक दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में पर्यटकों का आवागमन शुरू होता था। साल के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते थे। पर्यटकों में अधिकांश संभाग मुख्यालय सहित आसपास के लोग होते थे जिनका उद्देश्य परिवार के साथ प्राकृतिक वातावरण में पिकनिक मनाने के साथ पर्यटन स्थल एवं भौगोलिक स्थिति को जाना होता था लेकिन पर्यटन के नक्शे में अपनी जगह बनाने के बाद स्थिति में तेज बदलाव आया है। पिछले पांच-छह सालों से पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पहले मध्य दिसम्बर के बाद छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के पर्यटक पहुंचते थे तथा दिसम्बर के अंत तक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करते थे। क्षेत्र में पर्यटन का समय तो नहीं बढा है लेकिन इस साल पर्यटकों की संख्या में बेतहासा वृद्धि हुई है। इस बार हर दिन छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से दो हजार से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। इस बार मैनपाट के पर्यटन में बड़ा बदलाव देखा जा रहा है कि पहली बार कलकत्ता, झारखण्ड, उड़ीसा के झारसुगुड़ा एवं मध्यप्रदेश के शहडोल से बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। हाल ही में पर्यटकों की सुविधा के लिए झारसुगुड़ा से मैनपाट तक एक दिन ओड़िसा के 50 से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की संख्या बढने से पर्यटन विभाग के सभी रिसॉर्ट एवं एक दर्जन से अधिक होटल 31 दिसम्बर तक फुल है। स्थानीय लोग अपने घरों में पर्यटकों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था कर कमाई का नया श्रोत विकसित किया है। भविष्य में इसकी संभावनाओं को देखते हुए बड़ी संख्या में उद्यमी आएंगे।

### नहीं है मनोरंजन की व्यवस्था

मैनपाट में मनोरंजन की व्यवस्था नहीं है जो पर्यटकों को खल रही है। पर्यटन की दृष्टि से स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प को आगे लाने की अब तक कोई पहल नहीं की गई है। जनजातिय समाज द्वारा बांस एवं लकड़ी से सामग्रियां पर्यटकों की पसंद बन सकती है। जनजातीय समाज की लोक संस्कृति सहित अन्य उत्पादों के माध्यम से रोजगार के साधन विकसित करने की पर्याप्त संभावनाएं हैं।

### भा रहा तिब्बतियों का मोमोच व थुक्पा

पर्यटन स्थलों के साथ ही पर्यटक तिब्बती संस्कृति को जानने मैनपाट के बौध मंदिरों एवं तिब्बती कैंपो का भ्रमण कर रहे हैं। पर्यटकों को तिब्बती कैंप एक के कैंटीन में बना मोमोच, थुक्पा एवं सभाले खूब भा रहा है। तिब्बती कैंप के कैंटीन में पूरे दिन पर्यटकों की भीड़ बनी रहती है। पर्यटक मैनपाट में उत्पादित टाऊ व बरसाती आलू की फसल की जानकारी ले रहे हैं तथा टाऊ एवं टाऊ के आटे की खरीदी भी कर रहे हैं।

### जगह-जगह लगे टेंट

उद्यमियों ने पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए विभिन्न स्थानों पर टें की व्यवस्था की है। उद्यमियों द्वारा ग्राम पंचायत पटपरिया, मेहता पाइंट एवं मैनपाट कार्निवाल स्थल पर टेंट लगाए गए हैं। पर्यटक किराया देकर टेंट में ठहर रहे हैं। उद्यमियों द्वारा टेंट में ठहरने वाले पर्यटकों के नाश्ता भोजन सहित अन्य जरूरतों को भी पूरा किया जा रहा है। होटल एवं रिसॉर्ट के आसपास के पर्यटकों के ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था की है। होटल एवं मोटल में जगह नहीं मिलने के कारण पर्यटक घरों में ठहरना पसंद कर रहे हैं। क्षेत्र में पर्यटन के विकास होने से लोगों की कमाई बढ़ गई है। पर्यटन से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने घरों में पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था कर रहे हैं। क्षेत्रवासी अपने वाहनों को भी किराए पर चला रहे हैं।

# प्राथमिक उपचार का जीवन में विशेष महत्वः अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

आम जीवन में प्राथमिक उपचार का विशेष महत्व है, यदि गंभीर रूप से घायल प्राणी को सामय पर प्राथमिक उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचने की उम्मीद काफी हद तक बढ़ जाती है।उक्त बातें एसईसीएल बिश्रामपुर जीएम अजय तिवारी ने स्थानीय एकता स्टेडियम में शनिवार को आयोजित अंतर सह क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी से कही, उन्होंने कहा कि हम प्रकृति के विरुद्ध जाकर कोयला खनन करते है जो बहुत ही जोखिम भरा कार्य होता है, इसमें थोड़ी से भी असावधानी होने से दुर्घटना घट सकती है, इसलिए हम सभी को सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए खदान में कार्य करना चाहिए। उक्त आयोजित प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न खदानों सहित सेंट्रल अस्पताल रीजनल वर्कशाप के आधा दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया।दिन भर चली प्रतियोगिता के बाद शाम को प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि जीएम अजय तिवारी के अलावा विशिष्ठ अतिथि शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा ममता तिवारी सहित क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित थे।प्रतियोगिता में समस्त परीक्षाओं में आर जी के सब एरिया - टीम ए ,आमगांव सब एरिया टीम- बी व सेंट्रल हॉस्पिटल की टीम सी को विजेता घोषित किया गया।इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन जीएम ने सुरक्षा ध्वज फहरा कर किया जिसके बाद सभी टीमों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता आरंभ की घोषणा की। प्रतियोगिता में सेंट्रल हॉस्पिटल के चिकित्सक सीएमओ डॉ वी एन सिंह, डॉक्टर निरंजन,डॉक्टर प्रधान सहित अन्य चिकित्सक बतौर निर्णायक उपस्थित रहे।प्रतियोगिता का आयोजन आमगांव सहक्षेत्र द्वारा किया गया था।इस अवसर पर आमगांव सब एरिया मैनेजर अवधेश झा,एरिया सेफ्टी ऑफिसर वीके गुप्ता सहित अन्य अधिकारी सहित जे सी सी वेलफेयर के सदस्य अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



उपचार विधि का प्रदर्शन करते कर्मी।

# डीएवी स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर में बिश्रामपुर में 22 और 23 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई, इसमें कक्षा एलकेजी से कक्षा बारहवीं तक कुल 650 छात्र -छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ बैलून रेस , स्पून पोटैटो रेस, दौड़ ,गोला फेंक, तवा फेंक, लंबीकूद ,ऊंची कूद ,रिले रेस आदि विविध स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि संजय सिंह महाप्रबंधक संचालन एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती शुभा पाठक , जे.सी.सी. सदस्यो विश्रामपुर क्षेत्र रहे।अतिथियों के सम्मान में संगीत शिक्षक श्री नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। डीएवी खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह का शुभारंभ डी ए वी गान से किया गया । समापन समारोह के अवसर पर प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों के द्वारा आकर्षक जम्बल मार्च पास्ट' किया गया। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत संगीतमय समूह नृत्य एवं शिक्षिका अनीता वर्मा के निर्देशन में जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र- छात्राओं द्वारा समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति की सभी ने प्रशंसा की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री संजय सिंह, महाप्रबंधक संचालन ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चो में कक्षागत शैक्षिक उपलब्धियों के साथ साथ गीत - संगीत , खेलकूद आदि विविध सांस्कृतिक गतिविधियों के बीच सामंजस्य जरूर होना चाहिए ताकि वे अपना सर्वांगीण विकास कर सके और अपने जीवन पथ सुगम बना सके। विद्यालय प्राचार्य श्री एच. के.पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल के मैदान में हम वह सीखते हैं, जो कक्षा में नहीं सीख पाते हैं। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसीलिए खेल कूद अनिवार्य है। इस दौरान जूनियर बालिका वर्ग में प्रतियोगिता का व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब सामाक्षी कुमारी आदित्य सदन ने और जूनियर बालक वर्ग में प्रतियोगिता का व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब नैतिक कुमार अग्नि सदन ने हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग में प्रतियोगिता का व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब संयुक्त रूप से सौम्या कुजूर अग्नि सदन से , रक्षा खत्री आदित्य सदन ने और सीनियर बालक वर्ग वर्ग में प्रतियोगिता का व्यक्तिगत चैंपियनशिप का खिताब साजू सारथी अंगिरा सदन ने जीता। प्रतियोगिता का संपूर्ण चैंपियनशिप का खिताब अग्नि सदन ने जीता औरअंगिरा सदन प्रतियोगिता का उप विजेता बना। आदित्य सदन ने तृतीय स्थान और वायु सदन ने चौथा स्थान हासिल किया। विद्यालय प्राचार्य महोदय एच. के.पाठक के द्वारा खेल प्रतियोगिता के समापन करने की औपचारिक घोषणा के पश्चात खेल मशाल बुझा कर क्रीड़ा ध्वज का अवरोहण किया गया । इस दौरान डी ए वी प्राचार्य , मुख्य अतिथि संजय सिंह, सरफराज फिरदौसी - थाना प्रभारी जयनगर, व डॉक्टर प्रशांत सिंह, शुभा पाठक के द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एल के दास, अध्यापिका शोभा नामदेव एवं छात्राएं अंशु ठाकुर व सृष्टि झा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में एसईसीएल प्रबंधन विश्रामपुर क्षेत्र, स्पोर्ट्स मीट प्रभारी वरिष्ठ खेल शिक्षक श्री पी के वैद्य, क्रीड़ा शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा सहित समस्त अध्यापक- अध्यापिकाओं एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खेल अध्यापक पी के वैद्य एवं खेल शिक्षिका चित्रावती मिश्रा के द्वारा आभार ज्ञापन के पश्चात सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।

- अग्नि सदन ने जीता सम्पूर्ण चैंपियनशिप का खिताब
- अंगिरा सदन बना उपविजेता



### बैठने की उचित व्यवस्था नहीं होने से अभिभावकों को झेलनी पड़ी परेशानी


दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों के अभिभावक भी काफी संख्या में सुबह से अपने अपने बच्चों के प्रतिभा व खेल प्रदर्शन को देखने स्कूल ग्राउंड पहुंचे थे , इस दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों के लिए बैठने के लिए कोई उचित व्यवस्था न करा पाने के कारण मौजूद अभिभावकों को परेशानी का सामना पड़ गया, कई महिलाएं घंटों धूप में खड़े रहकर अपने बच्चों के प्रदर्शन का इतंजार करती दिखी , कुछ समय पश्चात स्कूल प्रबंधन द्वारा मामले को देखते हुए स्कूल की कक्षाओं से बेंच निकलवाकर अभिभावकों के बैठने की व्यवस्था कराई गई।

# तातापानी महोत्सव की तैयारियां शुरू

## कलेक्टर एवं एसपी ने स्थल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

मकर संक्रांति के अवसर पर जिले में लगने वाले प्रसिद्ध मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। तातापानी स्थित मेला स्थल में वृहद कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। आज तातापानी महोत्सव मकर संक्रांति पर्व की तैयारी का कलेक्टर रिमिजियस एक्का और एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने मेला स्थल और मंदिर प्रांगण का जायजा लिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मेला स्थल पर चाक-चौबंद व्यवस्था करने के तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए। जिले के गर्म जल स्त्रोत तातापानी में हर साल 14 जनवरी के मौके पर संक्रांति पर्व का भव्य आयोजन किया जाता है। यहां पड़ोसी राज्य झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में लोग तातापानी का मेला देखने के लिए पहुंचते हैं। तातापानी में वन विभाग के रेस्ट हाउस के समस्त सुधार कार्य एवं समस्त परिसर की साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, अहाता की पोताई, हेलीपेड परिसर में जीर्ण-शीर्ण फेंसिंग का सुधार तथा सड़क किनारे एवं परिसर में स्थित पौधों की साफ-सफाई, ट्री-गार्ड की मरम्मत व पोताई कार्य, तातापानी में स्थित तालाबों एवं कुण्डों की साफ-सफाई, मेला स्थल पर निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।



निरीक्षण करते कलेक्टर व एसपी।

## विधायक प्रबोध मिंज ने विभिन्न गांवों का किया भ्रमण

**अम्बिकापुर।** विधायक प्रबोध मिंज ने ग्राम कंठी, खाला, कतकालो, सोहगा चौक, लिब्रा, कलगसा, करेंया, ससकालो और किशुननगर का भ्रमण कर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया तथा कहा कि भाजपा ने किसानों से किया वादा निभाया है। 25 दिसम्बर को किसानों को 2 साल का बकाया बोनस भुगतान किया जाएगा। किसानों से अब 31 रूपया किलो की दर से 21 क्विंटल एकड़ धान खरीदा जाएगा, जिससे किसानों को प्रति एकड़ 6300 रूपए का लाभ होगा। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क की समस्याओं पर अधिकारियों को ध्यान दिलाया तथा समस्याओं का निराकरण करने निर्देशित किया।



## भाजपा की विधानसभा जनसंपर्क रैली आज

**अम्बिकापुर।** भाजपा सरकार बनने पर विधायक राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में जनसंपर्क रविवार को रैली का आयोजन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला ने बताया कि 24 दिसम्बर को जनसंपर्क रैली दोपहर 1 बजे अग्रसेन भवन से शुरू होगी तथा अग्रसेन चौक, जयस्तंभ चौक, महामाया चौक, संगम चौक तथा घड़ी चौक होते हुए जिला भाजपा कार्यालय पहुंचेगी। रैली में भाजपा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
डॉ. एल.सी. मढ़रिया

Rahul Travels
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे हैं,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -
विनोद पिंजानी 7693055301

online Booking-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 7,500/-
स्पेशल ट्रेन
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, कलकत्ता
Since 2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:- 7247-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
डॉ. राहुल अहलूवालिया MS, MCH (Neurosurgeon)
डॉ. गौरव त्रिपाठी MD, DM (Cardiologist)
डॉ. रोशन वर्मा
डॉ. राकेश मिश्रा MBBS, MD, DM
1.5 Tesla MRI
24 दिसम्बर 2023
प्रत्येक माह के चौथा रविवार